# University in News on 11 December 2021

## AMRIT VICHAR PAGE 5




लविवि में आयोजित विशिष्ट व्याख्यान माला को संबोधित करते वक्ता। फोटो : अमृत विचार

### छात्रों को बताया योग का महत्व

लविवि में फ़ैकल्टी ऑफ योग एंड अल्टरनेटिव मेडिसिन विभाग की ओर से प्राकृतिक चिकित्सा विषयक विशिष्ट व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में प्रो. एसएन पांडेय ने बताया कि योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा वर्तमान में व्यक्ति विशेष के स्वास्थ्य उन्नति के लिए उपयोगी है, आधुनिक जीवनशैली के कारण उत्पन्न मधुमेह, ब्लड प्रेशर, दमा, मोटापा, इत्यादि रोगों में जल चिकित्सा, सूर्य किरण चिकित्सा, योगासन, प्राणायाम, मुद्रा एवं बंध का नियमित अभ्यास उपयोगी साबित हुआ है। फ़ैकल्टी के समन्वयक डॉ. अमरजीत यादव ने बताया कि यह फ़ैकल्टी स्नातक से लेकर परास्नातक तक के कोर्सों का संचालन कर रही है। सत्र 2021 में इस फ़ैकल्टी के 16 छात्रों को आयुष विभाग, उत्तर प्रदेश शासन की परियोजना में योग प्रशिक्षक के रूप में चयन हुआ।

## JAGRAN CITY PAGE I

### वरिष्ठता सूची पर आपत्तियों के निस्तारण को बनी समिति

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर और असिस्टेंट प्रोफेसर की अनंतिम वरिष्ठता सूची पर आई आपत्तियों का निस्तारण 25 दिसंबर तक होगा। इसके लिए कुलसचिव डा. विनोद कुमार सिंह ने शुक्रवार को पांच सदस्यीय समिति का गठन कर दिया। समिति प्रकरण का निस्तारण कर अपनी संस्तुति देगी। लखनऊ विश्वविद्यालय में शिक्षकों की अनंतिम वरिष्ठता सूची 26 जून को प्रकाशित कर आपत्तियां मांगी थीं। (जासं)